जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 04 अक्तूबर 2018

**भारत के सर्वश्रेष्ठ नेचुरल साइंसेज़ संस्थानों में जेएमआई नौवें स्थान पर**

नेचुरल साइंसेज़ कोर्स में जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः ने देश भर के विश्वविद्यालयों में 9वें स्थान पर जगह पाई है। यह रैंकिंग “ राउंड यूनिवसर्टी रैंकिंग :आरयूआरः ने दी है। आरयूआर 20 मानदंडों के आधार पर इस साल विश्व के 930 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग तय की है।

आरयूआर के अनुसार टेक्निकल साइंस कोर्स की शिक्षा के मामले में जेएमआई देश में 10वें स्थान पर है और सभी कोर्स के संबंध में वह देश में 16वें पायदान पर है।

नेचुरल साइंस शिक्षा के क्षेत्र में आरयूआर ने जेएमआई को 465वां स्थान दिया है जबकि टेक्निकल साइंस में इसकी रैंकिंग 560 है।

जेएमआई के :कार्यकारीः वाइस चांसलर प्रो शाहिद अशरफ ने विश्वविद्यालय के पिछले कुछ साल से देश और और विश्व के स्तर पर अपनी रैंकिंग में लगातार सुधार करते जाने पर खुशी का इज़हार किया। उन्होंने कहा कि टाइम्स हायर एजुकेशन :टीएचईः की विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद जेएमआई ने अब दूसरी वैश्विक रैंकिंग संस्था में अपना स्थान बनाया है। यह इस बात का सुबूत है कि जेएमआई लगातार अपने शैक्षिक स्तर को बढ़ाता जा रहा है और उम्मीद जताई कि इसे बरक़रार रखते हुए वह अपनी रैंकिंग को बढ़ाता रहेगा

टाइम्स हायर एजुकेशन लंदन आधारित संस्था है जबकि राउंड यूनिवसर्टी रैंकिंग मास्को आधारित। ये दोनों संस्थाएं कुछ मानदंडों के आधार पर हर साल विश्व भर के विश्वविश्द्यालयों की रैंकिंग जारी करती हैं।

**अहमद अज़ीम**
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक